Title: Reg: Need to start operation of medical facilities in Darbhanga Super Speciality Hospital, Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : मिथिला के चंद्र दरभंगा में डेढ़ सौ करोड़ की लागत से सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है आपको ज्ञात कराना चाहेंगे कि इस अस्पताल में ओपीडी सेवा प्रारंभ की जा सकती है। दरभंगा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हेतु डॉक्टरों की नियुक्ति 2 वर्ष पूर्व ही हो चुकी है लेकिन सिर्फ पानी और वाहन पार्किंग की असुविधा के कारण अब तक इस अस्पताल में ओपीडी सेवा शुरू नहीं हो सकी है।

अस्पताल में पानी की सुविधा हेतु बीते दिनों मेंने अपने सांसद निधि से पानी की व्यवस्था भी करा दी।

डीएमसीएच में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपाटोलॉजी प्लास्टिक एंड बर्न एवं न्यूरोलॉजी इत्यादि की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे क्षेत्र के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दरभंगा में 150 करोड़ रूपये की लागत से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जिसका निर्माण कार्य 2016 में प्रारंभ हुआ और 2019 में बनकर तैयार होना था। जन स्वास्थ्य सुविधा हेतु यह अत्याधुनिक अस्पताल का अब तक प्रारंभ नहीं होना निश्चित रूप से चिंताजनक है। माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि यथाशीघ्र नव निर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया जाय ताकि लोगों को इस अस्पताल के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके।